संक्रामक रोग संस्थान जोधपुर का होगा उन्नयन

चर्चा में क्यों?

8 अक्तूबर, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर स्थित संक्रामक रोग संस्थान को उच्चस्तरीय अनुसंधान केंद्र में विकसित करने के द्वितीय फेज में विभिन्न विकास कार्यों के लिये 3 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

प्रमुख बिंदु

विदित है कि प्रदेश सरकार राज्य में चिकित्सा सुविधाओं का निरंतर विकास कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने जोधपुर के संक्रामक रोग संस्थान के उन्नयन के लिये वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

प्रस्ताव के अनुसार, 3 करोड़ रुपए की लागत से संस्थान में प्रशासनिक खंड, नवीन सेंट्रल ड्रग स्टोर, पीडियाट्रिक क्यूबीकल हेतु सेंट्रल ऑक्सीजन पाईप लाईन तथा लिफ्ट का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही, संस्थान में पी.पी.पी. मोड पर 128 स्लाइस सी.टी. मशीन भी स्थापित की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट में इस केंद्र को उच्चस्तरीय अनुसंधान केंद्र में विकसित करने की घोषणा की गई थी, जिसकी क्रियान्विति में उक्त स्वीकृति प्रदान की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/infectious-disease-institute-jodhpur-will-be-upgraded